# राष्ट्रीय सेवा भारती

www.rashtriyasewabharati.org | विक्रम संवत - 2082, भाद्रपद , कृष्ण पक्ष | ई बुलेटिन मासिक: अगस्त- 2025


## आपदा प्रबंधन

### प्रांत संयोजक प्रशिक्षण वर्ग - दिल्ली

राष्ट्रीय सेवा भारती एवं विशिष्ट आपदा शोध केंद्र जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 26 एवं 27 जुलाई 2025 को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में दो दिवसीय "आपदा प्रबंधन प्रांत संयोजक प्रशिक्षण वर्ग" का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्‌घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री संजीव जिंदल (अतिरिक्त सचिव, गृह विभाग - आपदा प्रबंधन), ले. ज. सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त, सदस्य - एनडीएमए), मुख्य वक्ता श्री सुधीर कुमार (अ. भा. संगठन मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), श्री रमेश अग्रवाल (अध्यक्ष, सेवा भारती - दिल्ली प्रांत), श्री विजय पुराणिक (संयुक्त महामंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), डॉ. दीप नारायण पांडेय (सहायक प्राध्यापक, विशिष्ट आपदा केंद्र), श्री राम कुमार (मंत्री, राष्ट्रीय सेवा भारती), श्री विकास नाम जोशी (कार्यकारी अधिकारी), श्री अनिल माहेश्वरी (कोषाध्यक्ष) सहित अनेक गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित वार्षिक विशेषांक "राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन" पुस्तक का लोकार्पण भी किया गया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में आपदा प्रबंधन की अवधारणा और सामाजिक पहल, NDRF द्वारा प्रत्यक्षण (Demonstration) तथा व्यवहारिक अभ्यास, आपदा प्रभावित समाज में तनाव, घबराहट तथा सदमा प्रबंधन, भीड़, भगदड़ तथा दंगे के दौरान सावधानियां,






आपदा प्रबंधन टोली का निर्माण तथा उनके प्रशिक्षण के विषय लिए गए। वर्ग में 38 प्रान्तों से 71 प्रतिभागी, 9 विशेषज्ञ, आपदा प्रबंधन केंद्रीय टोली सदस्य, राष्ट्रीय सेवा भारती और सेवा भारती दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, जिनकी कुल सख्या 117 रही।




| | |
|---|---|
| 19520 | शिक्षा |
| 9560 | स्वास्थ्य |
| 9392 | सामाजिक |
| 5649 | स्वावलम्बन |

### सेवा कार्यवृत्त

“ नर सेवा नारायण सेवा का मूल ध्येय लेकर समाज में वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित लोगों के सर्वांगीण विकास हेतु राष्ट्रीय सेवा भारती सतत कार्यरत है। यह नगरीय – झुग्गी झोपड़ी एवं पुनर्वास बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क चिकित्सा, नि:शुल्क शिक्षा, कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भी कार्यरत है। देशभर में राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा 44121 सेवा कार्य चलाए जा रहे हैं। ”




# राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन वार्षिक विशेषांक पुस्तक का प्रान्तों में विमोचन एवं भेंट की झलकियाँ






**प्रान्त: जम्मू कश्मीर**

दिनांक 27 जुलाई 2025 को राष्ट्रीय सेवा भारती के अ.भा. छात्रावास प्रमुख श्री जयदेव (दादा) जी ने लद्दाख की सेवा भारती प्रान्त टोली के सदस्यों के साथ महाबोधि इंटरनेशनल मेडिटेशन सेंटर (MIMC) का दौरा किया और संस्थान के श्रद्धेय निदेशक श्री भिक्खु संघसेना जी से मिलना हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा प्रकाशित वार्षिक विशेषांक "राष्ट्रीय सेवा साधना - आपदा प्रबंधन" पुस्तक श्री भिक्खु संघसेना जी (संस्थान के श्रद्धेय निदेशक) को औपचारिक रूप से भेंट की।



**प्रान्त: जयपुर**

सेवा भारती जयपुर प्रान्त द्वारा जिला कलेक्टर भरतपुर श्री कमर उल जमान चौधरी जी को 'राष्ट्रीय सेवा साधना' पुस्तक सप्रेम भेंट की गई। इस भेंट के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रान्त संघचालक श्री महेंद्र सिंह मग्गो जी, सेवा भारती के प्रान्त मीडिया प्रमुख श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा जी, भरतपुर विभाग सेवा प्रमुख श्री अशोक शर्मा जी, जिला उपाध्यक्ष श्री योगेन्द्र खंडेलवाल जी, जिला सह मंत्री श्री सत्यभान सिंह जी, श्रीमति वेदवती जी तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**प्रान्त: झारखण्ड**

9 जुलाई 2025 को सेवा भारती, रांची महानगर भाग-2, झारखण्ड प्रान्त द्वारा हरमू हाउसिंग कॉलोनी में संचालित सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र से प्रशिक्षित महिलाओं के लिए प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम वीर कुंवर सिंह पार्क, हरमू चौक, रांची में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल 13 प्रशिक्षुओं को सिलाई, कटाई एवं कढ़ाई का प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



**प्रान्त: मालवा**

सेवा भारती मालवा प्रान्त, धार जिले द्वारा चलाए गए एक सराहनीय अभियान के तहत वनवासी अंचलों के 116 गाँवों में नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस का संचालन किया गया। सेवा भारती द्वारा इन 116 कोचिंग सेंटरों में योगदान देने वाले युवाओं को एक कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिले के उमरबन, गंधवानी, राजगढ़, अमझेरा, नालछा व धामनोद खंडों से लगभग 250 शिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए।



**प्रान्त: दक्षिण बिहार**

नव नालंदा सेवा भारती, दक्षिण बिहार प्रान्त के माध्यम से सेवा बस्ती में रहने वाली बहनों के लिए निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन किया गया।



**प्रान्त: उत्तराखंड**

सेवा भारती द्वारा दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग, देहरादून में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में सेवा भारती एवं अन्य सेवा संस्थाओं के प्रान्त एवं जिला कार्यकारिणी के 55 सदस्यों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण 5 सत्रों में सम्पन्न हुआ।



**प्रान्त: मालवा**

सेवा भारती खंडवा द्वारा संचालित संस्कार केन्द्र का मासिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



**प्रान्त: कर्नाटक उत्तर**

सेवा भारती उत्तर कर्नाटक प्रान्त द्वारा बेलगावी में किशोरी केंद्र की शिक्षिकाओं के लिए मासिक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कुल 55 शिक्षिकाओं ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी की।



**प्रान्त: चित्तोड़**

सेवा भारती झालावाड़ द्वारा धार्मिक नगरी झालरापाटन में 'सेवा धाम छात्रावास' का विधिपूर्वक उद्घाटन किया गया। यह छात्रावास विशेष तौर पर निर्धन, पीड़ित एवं अभावग्रस्त परिवारों के बच्चों के लिए बनाया गया है, जहां कक्षा छठवीं एवं सातवीं में अध्ययनरत छात्रों को निःशुल्क आवास, भोजन और शिक्षा की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी।

इस कार्यक्रम में पूज्य संत श्री रामदास महाराज जी, राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महामंत्री श्री विजय पुराणिक जी, अ.भा. प्रकाशन प्रमुख श्री मूल चंद सोनी जी, सेवा भारती के जिला अध्यक्ष श्री सूर्य प्रकाश महेश्वरी जी एवं छात्रावास अध्यक्ष श्री लक्ष्मीकांत गोयल जी सहित अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।





प्रान्त: केरल

सेवा भारती चक्करक्कल समिति, केरल प्रान्त ने 'ए प्लेस टू रेस्ट' परियोजना के अंतर्गत एक जरूरतमंद परिवार को नया घर प्रदान किया। यह घर सेवा भारती के. चित्तिलापिल्ली फाउंडेशन के सहयोग से कोमथ कुन्नुमब्रम, चक्करक्कल में बनाया गया है। घर की चाबियाँ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर केरल प्रान्त के सेवा प्रमुख श्री एम. सी. वलसन जी ने प्रदान कीं।




प्रान्त: काशी

दिनांक 27 जुलाई 2025 को काशी प्रान्त के माधव सेवा प्रकल्प, वाराणसी में एक - दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन हुआ। इस वर्ग में सेवा विभाग से 32 और सेवा भारती से 39 कार्यकर्ता सहित कुल 71 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






प्रान्त: कर्नाटक उत्तर

कर्णाटक उत्तर प्रान्त द्वारा हुबली जिले में सेवा भारती ट्रस्ट की विद्या विकास परियोजना के अंतर्गत एक शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग एवं साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में हुबली शहर, हुबली ग्रामीण, कुंडागोल और नवलगुंड तालुकों के 50 केंद्रों से कुल 75 शिक्षकों ने भाग लिया।






प्रान्त: उत्तर तमिलनाडु

6 जुलाई, 2025 को सेवा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान जैन सोहन कंवर मांगीलाल तातेड़ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेवा भारती मल्टी-स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण हेतु 1.1 एकड़ भूमि का उदारतापूर्वक दान किया गया। यह भूमि स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित समुदायों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री पीएम रविकुमार जी, प्रांत कार्यवाह श्री जगदीशन जी तथा सेवा भारती तमिलनाडु के राज्य अध्यक्ष श्री रबू मनोहर जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।



**प्रान्त: केरल**

केरल प्रान्त में देसीय सेवा भारती और के. चित्टिलिपिल्ली फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से 'ए प्लेस टू रेस्ट' परियोजना के अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को नए घर प्रदान किए गए। आयोजन के दौरान उपस्थित गणमान्य अतिथियों द्वारा लाभार्थी परिवारों को घरों की चाबियाँ सौंपी गईं।



**प्रान्त: दक्षिण बिहार**

दक्षिण बिहार प्रान्त में बिहार सरकार द्वारा पहली बार स्वास्थ्य मेला का आयोजन पटना के ज्ञान भवन में किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में सेवा विभाग एवं सेवा भारती की सक्रिय भूमिका रही। कुल 21 सेवा बस्तियों से 1046 लोगों ने अपने परिवार सहित स्वास्थ्य परीक्षण कराया और लाभ उठाया।



**प्रान्त: मेरठ**

मेरठ प्रान्त में सेवा भारती बागपत द्वारा संचालित सिलाई एवं ब्यूटीशियन केंद्रों में संयुक्त रूप से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



**प्रान्त: मध्य भारत**

सेवा भारती,ग्वालियर के तत्वावधान में समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट,दिल्ली द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2025 को मानव सेवा कुष्ठ आश्रम में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में कुष्ठ रोगियों के लिए विशेष चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान की गईं।



**प्रान्त: जयपुर**

सेवा भारती, सांगानेर, जयपुर द्वारा संचालित कमला देवी सेवा भारती विद्यालय, सांगानेर के नवीन विद्यालय भवन का श्रीमान मदन जी दिलावर शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार एवं माननीय मंजू जी शर्मा सांसद जयपुर शहर के कर कमलोंसे आज विधिवत शिलान्यास हुआ। वर्तमान में इस विद्यालय में आसपास की बस्तियों से आने वाले लगभग 130 बच्चे अध्ययनरत हैं, जिन्हें पूर्णतः निशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## प्रान्त: मध्य भारत



सेवा भारती रायसेन द्वारा आयोजित दो दिवसीय आवासीय शिक्षिका प्रशिक्षण वर्ग में रायसेन जिले के 11 स्थानों से आईं कुल 45 शिक्षिकाओं ने भाग लिया।



सेवा भारती मध्यभारत महानगर ग्वालियर के अंतर्गत संचालित विभिन्न सेवा बस्तियों के संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं के लिए दो दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



हरियाली अमावस्या के शुभ अवसर पर सेवा भारती भजन मंडली आयाम, बैतूल द्वारा राधा कृष्ण मंदिर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष आयोजन में भजन, कीर्तन, पौधारोपण एवं धार्मिक आस्था से जुड़ी विविध गतिविधियाँ संपन्न हुईं। कार्यक्रम में कुल 60 महिलाओं की सहभागिता रही।



सेवा भारती गुना, मध्यभारत प्रान्त द्वारा संचालित विभिन्न प्रकल्पों के अंतर्गत कार्यरत समिति सदस्यों, निवेदिता भारती की सदस्याओं, संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं तथा वैभवश्री समूह की बहनों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।



सेवा भारती भोपाल विभाग की जिला एवं बड़े प्रकल्पों की कार्यकारिणी का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ।




सेवा भारती ग्वालियर द्वारा संचालित भजन मंडलियों का वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 26 जुलाई 2025 को ग्वालियर में सम्पन्न हुआ। जिनमें से 40 मंडलियों की प्रमुख एवं सह-प्रमुख दीदियाँ इस प्रशिक्षण में उपस्थित रहीं। कुल 80 कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।




# योग शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग

## सेवा भारती पूर्वांचल

"सेवा भारती पूर्वांचल द्वारा आयोजित योग शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग" योग विद्या गुरुकुल नासिक द्वारा अनुमोदित और सेवा भारती पूर्वांचल के तत्वावधान में 03 जुलाई से प्रारंभ हुआ। इस योग शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग के समापन समारोह तथा प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन 31 जुलाई को उत्तर गुवाहाटी स्थित योग निलयम् में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में असम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. नरेंद्र एस. चौधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के आयुक्त सचिव डॉ. पी. अशोक बाबू (आई.ए.एस.), तथा विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त संचालक डॉ. शशि सोनवाल, सेवा भारती पूर्वांचल के अध्यक्ष रामेन शर्मा और असम क्षेत्र के योग प्रमुख हिमाद्री पुरकायस्थ (गुरुजी) जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सेवा भारती पूर्वांचल के योग प्रमुख अरूप ज्योति दास ने वर्ग के उद्देश्य की व्याख्या की और वर्ग के प्रतिवेदन का पाठ योग शिक्षक खनिंद्र नाथ ने किया। इस वर्ग में असम के 18 जिलों से आए महिला-पुरुषों सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग की सफल समाप्ति के उपरांत उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को योग विद्या गुरुकुल नासिक द्वारा अनुमोदित प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।








**प्रान्त: हिमाचल**

सेवा भारती हिमाचल द्वारा मंडी और कुल्लू में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और सेवा भारती द्वारा भोजन लंगर और राहत सहायता की व्यवस्था की गई।



**प्रान्त: उत्तराखण्ड**

सेवा भारती रुड़की, उत्तराखंड प्रान्त द्वारा कांवड़ यात्रा के दौरान भगवान शिव के भक्तों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है।

राष्ट्रीय सेवा भारती का उपक्रम
सुपोषित भारत



सुपोषित भारत

# सुपोषण जागरुकता अभियान

## पोषण माह (01 से 30 सितम्बर 2025)

सुपोषित भारत -समर्थ भारत

राष्ट्रीय सेवा भारती के सोशल मीडिया से जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

राष्ट्रीय सेवा भारती
वेबसाइट :www.rashtriyasewabharati.org
ईमेल : office@rashtriyasewabharati.org
फोन न. : 011-46523618, मोबाइल न. 09868245005